दिन– बुधवार दिनांक– 24 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केंद्रीय चयन पर्षद आज प्रदेशभर में विभिन्न केंद्रों पर बिहार पुलिस में सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जा रहा है। इसे लेकर सुरक्षा के व्यापाक प्रबंध किय गये है। सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल को तैनाती की गयी है। इधर, रेलवे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेन चला रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि आज भी अठारह परीक्षा विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। ये ट्रेन बख्तियारपुर, राजगीर, नवादा, मुजफ्फरपुर, कटिहार, सुपौल, बेतिया और मधुबनी समेत विभिन्न स्टेशनों के बीच चलायी जायेंगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय से प्राप्त सूचना के अनुसार शाम पांच बजे सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में यह बैठक होगी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की जाने की उम्मीद है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत श्यामपुर बकचपरा गंगा घाट पर गंगा नदी में स्नान के दौरान पांच युवतियां डूब गयीं। इनमें से तीन युवतियों का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं, अन्य दो की तालाश की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर कैम्प कर रहे हैं। इधर, मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत टीकारामपुर गंगा घाट पर डूबने से एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————————

राजधानी पटना में गिग वर्कर्स के लिए अत्याधुनिक एसी लाउंज की सुविधा शुरू हो गयी है। नगर विकास और आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने गांधी मैदान और आयकर गोलंबर के पास बनाये गए विशेष एसी लाउंज का निरीक्षण किया। लाउंज में शुद्ध पेयजल, मोबाइल चार्जिंग सहित कई सुविधाएं दी गयी है। पटना देश का तीसरा शहर है, जहां गिग वर्कर्स के लिए विशेष एसी लाउंज सुविधा विकसित की गई है।

———————————————————————

प्रदेश के उत्तरी भागों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, बेगूसराय, खगड़िया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की सम्भावना है। इधर, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि बक्सर, भोजपुर, पटना और नालंदा समेत राज्य के दक्षिणी भागों में अनेक स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने इन स्थानों पर अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस–बी सैप परिसर में आज एक हजार तीन सौ पचपन महिला सिपाहियों ने पासिंग आउट परेड में भाग लिया और नये जिम्मेदारी की शपथ ली। बी–सैप टू की समादेष्टा और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी लीपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। नालंदा, पटना और गोपालगंज जिला बल से सम्बद्ध इन महिला सिपाहियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर जिम्मेदारी संभाल ली है।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दुहन की अध्यक्षता में आज नार्को कोऑर्डिनेशन सेन्टर, एन कॉर्ड की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी और इसके अवैध कारोबार पर नियंत्रण के साथ ही नशे के विरूद्ध जागरूकता को लेकर चर्चा की गयी।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर रेल मंडल अन्तर्गत हाथीदह और बेगूसराय स्टेशन के बीच राजेन्द्र पुल पर आज सुबह ओवर हेड इलेक्ट्रिक तार टूट जाने से रेल परिचालन प्रभावित हुआ है। रेल अधिकारियों के अनुसार इसे ठीक कर लिया गया है और रेलखंड पर परिचालन बहाल हो गया है।

———————————————————————

सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सहरसा–सुपौल मुख्य मार्ग पर पुलिस लाईन के पास मोटरसाईकिल की टक्कर से एक किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।